जीवंत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन: एक रिपोर्ट

इस वर्ष भारत में 75वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में एईआरबी में प्रति माह एक प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में 22 सितंबर, 2021 को **जीवंत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 17 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर **एईआरबी के कार्यकारी निदेशक श्री सी.एस. वर्गिस** ने अपने उद्घाटन भाषण में प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमें अपने संस्थान के नाम की एक पहचान बनानी है। एईआरबी भारत की सभी सुविधाओं/संयंत्रों की संरक्षा की जिम्मेदारी निष्ठापूर्वक निभा रहा है। इस प्रतियोगिता से हमें हमारे स्वतंत्रता सेनानियों तथा उस समय देश की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त होगी। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आजादी के अमृत महोत्सव में अधिक से अधिक भाग लेने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर श्री आर.पी. गुप्ता, वैज्ञानिक अधिकारी/एच एवं उपाध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वियन समिति, एईआरबी ने अपने उदबोधन में कहा कि यह महा उत्सव है और हमें इसे दो वर्ष तक मनाना है। इस अवसर पर श्री के. वेंकट सुब्रमणियन, मुख्य प्रशासन अधिकारी ने मुख्य कार्यकारी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने इस आयोजन के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी।

श्री वैभव घोलप, वैज्ञानिक अधिकारी/ई एवं सदस्य, राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा जीवंत प्रश्नोत्तरी का संचालन किया गया। सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को मुख्य प्रशासन अधिकारी तथा प्रशासन अधिकारी-III द्वारा स्थल पर ही पुरस्कृत किया गया।

प्रशासन अधिकारी-III श्री कृष्णकुमार वी. के धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन श्री धनेश परमार, सहायक निदेशक (राजभाषा) ने किया।